# अमृत विचार

बरेली महानगर

बरेली के प्रमुख सम
- शहामतगंज में पुलिस पर पेट्रो
- अनुशासन और नेतृत्व क्षमता दे
- शिव प्रतिमा के दर्शन कर लिया

बरेली , रविवार, 12 अक्टूबर 2025

PAGE NO : 04 BOTTOM


## दो दिवसीय कांफ्रेंस में 93 शोध पत्र प्रस्तुत हुए



**बरेली, अमृत विचार :** श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट साइंस की ओर से आयोजित दो दिवसीय पंचम अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का शनिवार को समापन हुआ। संयोजक प्रो . सौरभ गुप्ता ने इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस की रिपोर्ट प्रस्तुत की और बताया कि कॉन्फ्रेंस में 94 शोधपत्र प्रस्तुत किए गए। मुख्य अतिथि महिंद्रा एंड महिंद्रा, रुद्रपुर के प्लांट हेड धर्मेंद्र कुमार ने कॉन्फ्रेंस की थीम और भविष्य में एआई किस प्रकार मानव जीवन को सरल और अधिक उत्पादक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा पर विचार रखे। ऑनलाइन मोड से मुख्य वक्ता सेंट्रल बिल्डिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट, आईआईटी, रुड़की के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ . ताबिश आलम ने बताया कि हम अपने इन्फ्रास्ट्रक्चर को एआई से बेहतरीन बना सकते हैं। ट्रस्ट सेक्रेट्री आदित्य मूर्ति ने एआई टूल्स, गवर्नेंस और सस्टेनेबल डेवलपमेंट जैसे विषयों पर अपने विचार साझा किए। इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में कुल सात तकनीकी सत्र आयोजित किए गए। फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट साइंस के विभागाध्यक्ष प्रो . अनुज कुमार ने बताया कि कार्यक्रम में डॉ . दानिश चिश्ती, डॉ. ऋतु सिंह, डॉ. दीपक बत्रा, डॉ . शोभित सक्सेना मौजूद रहे।